आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 21.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन साल 2030 तक 500 गीगावॉट तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई–जयपुर में क्षेत्रीय समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया।

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण बहस का स्थान बनाने पर ज़ोर दिया।

- केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों कीएसओपी और एडवाइजरी की शत–प्रतिशत पालना के निर्देश दिये।

- शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा–पेपरलीक की घटनाओं में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

000

केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि देश की ऊर्जा खपत और मांग में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। श्री जोशी ने कहा कि साल 2032 तक देश की ऊर्जा आवश्यकता लगभग दोगुनी होने की संभावना है। केन्द्रीय मंत्री की अध्यक्षता में आज जयपुर में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक 500 गीगा वॉट रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

...............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में काफी काम किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में राज्य ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और देश के लिए भी ऊर्जा देगा। उन्होंने नवीरकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों का जिक्र किया।

...............

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने केन्द्र सरकार से पीएम कुसुम 2.0 की शुरूआत करने का आग्रह किया। क्षेत्रीय समीक्षा बैठक में केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपद यशोनाइक और राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी शामिल हुए। इनके अलावा जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और उत्तराखण्ड सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण बहस और चर्चा का स्थान बनाने पर जोर दिया है। पटना में आज अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के 85वें सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि सभी प्रतिनिधियों ने संवाद और बहस को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों ने लोगों की बेहतर सेवा करने और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए नई तकनीक और कौशल अपनाने पर जोर दिया है।

...............

000

वित्त वर्ष 2025–26 के बजट के लिए राज्य सरकार विभिन्न समूहों के साथ लगातार प्री बजट बैठकें कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई इस बैठक के दौरान खेलों में प्रतिभा पहचान, प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और आधारभूत विकास पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में युवा मामले और खेल मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़ और राज्यमंत्री के.के. विश्नोई भी मौजूद रहे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल में भर्ती विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने भी अस्पताल पहुंचकर उनके हालचाल जाने। विधानसभा अध्यक्ष कल पटना में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भाग ले रहे थे कि इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई,

जिसके बाद उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद उन्हें देर रात जयपुर लाया गया।

000

केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों की एसओपी और एडवाइजरी की शत–प्रतिशत पालना के निर्देश दिये हैं। श्री मोहन ने आज जयपुर में इन कानूनों की राज्य में क्रियान्विती की समीक्षा की। ये तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 हैं। केन्द्रीय गृह सचिव ने कहा कि पॉक्सो और कम अवधि की सज़ा वाले मामलों में 60 दिन और जघन्य अपराधों में 90 दिन के भीतर चार्ज शीट दाखिल की जाए। बैठक में बताया गया कि ई–अभियोजन में राजस्थान देशभर में पहले स्थान पर रहा है। राज्य के 70 प्रतिशत पुलिस बल को नए कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत और पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू तथा गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार ने भी हिस्सा लिया।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज जयपुर शिक्षा समिट–2025 में हिस्सा लिया। शिक्षा मंत्री ने कार्यक्रम में राज्य की शैक्षिक व्यवस्था और शिक्षा के विविध अवसरों पर प्रतिभागियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिये। श्री दिलावर ने कौशल विकास और रोजगार देने वाली शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया। पत्रकारों से बातचीत में शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार में हुई पेपरलीक की घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हुआ है। उन्होंने कहा कि पेपरलीक में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

................

000

राज्य में मिनरल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह से खान विभाग के स्तर पर की जा रही है। कोणार्क में खान मंत्रियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन आज राजस्थान के खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने ये बात कही। उन्होंने राज्य की सर्वोत्तम खनन नीतियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि राज्य में मिनरल्स की नीलामी के बाद भी मार्ग दर्शन और अन्य जरूरी सेवाओं के लिए एक विशेष सुविधा केन्द्र बनाया गया है। श्री रविकांत ने बताया कि अन्य प्रदेशों में थर्ड पार्टी की ओर से ऑक्शन प्रक्रिया पूरी की जाती है।

000

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की क्रियान्विति के दस साल कल पूरे होने जा रहे हैं। महिला और बाल विकास मंत्रालय इस मौके पर 10वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम कल से आयोजित कर रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च तक चलेंगे। कल नई दिल्ली में भी इसी सिलसिले में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, पुलिस की महिला अधिकारी, छात्राएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हिस्सा लेंगी।

बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत पाली जिले में चलाए जा रहे राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत आज वित्तीय प्रबंधन कार्यशाला हुई। इसमें महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण और स्वरोजगार योजनाओं के बारे में बताया गया।

000

प्रदेश में पशुपालकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में कल 22 जनवरी तक आवेदन किया जा सकता है। योजना के माध्यम से पशुधन का बीमा करवाया जा सकता है। सरकार की चालू वित्त वर्ष की बजट घोषणा के अनुसार गाय, भैंस और ऊंट के लिए 40 हजार रुपये का बीमा मिलेगा। इस योजना में 400 करोड रूपये का प्रावधान किया गया है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने पशुपालकों से पशुओं का बीमा करवाने का आग्रह किया है।

..................

000

हनुमानगढ जिले में डिग्गी में गिरने से दो बच्चों की मृत्यु हो गई। ये दोनों भाई थे। हादसा टिब्बी तहसील के डाबली कलां गांव में हुआ। खेत में काम करते हुए एक भाई डिग्गी में गिर गया। इसके बाद दूसरा भाई उसे बचाने के प्रयास में डिग्गी में डूब गया।

000

जयपुर में कल सड़क सुरक्षा के बारे में क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एस. सेंगाथिर ने बताया कि इसके तहत सड़क हादसों में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के साथ ही सड़क सुरक्षा सुरक्षा नियमों पर मंथन किया जाएगा। दो दिन के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जिलों के यातायात प्रभारी, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि और विद्यार्थी शामिल होंगे।

000